विषय : एमएमटीसी द्वारा कोविड को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे
कदम - के संबंध में।

एमएमटीसी ने कोरोना - 19 वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए निम्नलिखित पहल की है : -

1. **एमएमटीसी ने सुरक्षित** और संक्रमण मुक्त स्वच्छ परिसर सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यालयों की व्यापक सूक्ष्मता से सफाई/स्वच्छता की और अपने कर्मचारियों को सरकार द्वारा बताए गए सभी कोविड संक्रमण से बचाव के निर्देशों के पालन करने के लिए जागरूक किया यानी मास्क पहनना, सामाजिक-भौतिक दूरी बनाए रखना, नियमित रूप से हाथ धोना आदि। कार्यालय परिसर में जगह-जगह स्वचालित सैनिटाइज़र, कार्यालय में प्रवेश करने वाले कार्मिकों और आगंतुकों के तापमान की जांच के लिए भवन के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनर के साथ-साथ हाथों को साफ करने के लिए प्रत्येक मंजिल पर डिस्पेंसर मशीनें लगाई गई हैं।

2. **स्थानीय प्रशासन के सहयोग** से आवासीय कल्याण संघ द्वारा मालवीय नगर, नई दिल्ली में एमएमटीसी आवासीय कॉलोनी के सामुदायिक केंद्र में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की जाँच के लिए दो जाँच शिविरों का आयोजन किया गया ताकि प्रसार को रोका जा सके और वायरस संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए निवारक कदम उठाए जा सकें।

3. **स्कोप के तत्वावधान में 45 + आयु-वर्ग** के कर्मचारियों के लिए आयोजित टीकाकरण शिविर में एमएमटीसी के कर्मचारियों (संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के सहित) ने बड़े पैमाने पर भाग लिया।

4. **कर्मचारियों के लिए 'घर से कार्य'** सुविधा को सक्षम करने के लिए, काम के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए प्रोटोकॉल लागू किए गए। वीपीएन के माध्यम से कहीं से भी कागज रहित और संपर्क रहित काम करने के लिए एक ई-ऑफिस मॉड्यूल लागू करने पर कार्य किया जा रहा है।

5. **एमएमटीसी हाउसिंग कॉलोनी के आवासीय कल्याण संघ (आरडब्ल्यूए)** ने स्थानीय जिला प्रशासन से संपर्क करते हुए अपने सामुदायिक केंद्र को दस ऑक्सीजन बेड वाले "आइशोलेशन केंद्र" में तब्दील कर दिया। शुरू में यह एमएमटीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए था बाद में यह सुविधा बाहरी रेफरड मरीजों के लिए भी प्रदान की गई। एमएमटीसी प्रबंधन घर में क्वारांइटीन मरीजों और आइशोलेशन केंद्र में आए मरीजों के द्वारा की गई उपजोज्य वस्तुएँ और आपात दवाइयों को भी अनुमोदित किया। इसके अलावा उक्त मरीजों के लिए एक पूरे समय के लिए अर्हता प्राप्त नर्स और वार्ड बॉय की भी व्यवस्था की गई। एमएमटीसी में नियुक्त एक अंशकालिक चिकित्सा

परामर्शदाता के अलावा एक अर्हता प्राप्त डॉक्टर ने भी आइसोलेशन केंद्र और घर में क्वारंटाइन मरीजों को सेवाएँ प्रदान कीं।

6. **वर्तमान में आइसोलेशन केंद्र सात ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और सात ऑक्सीजन सिलेंडर** से युक्त है, जिसमें सभी दस रोगियों को प्राथमिक चिकित्सा के उपाय के रूप में बिना किसी समस्या के ऑक्सीजन दी जा सकती है, जब तक कि गंभीर परिस्थिति हो जाने के मामले में वे पैनल में शामिल अस्पतालों में अपने प्रवेश को औपचारिक रूप देने में सक्षम नहीं हो जाते। कई संक्रमित कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों सहित और स्थानीय मरीज ऑक्सीजन सहित आइसोलेशन सेंटर की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं और इस विकट महामारी के समय में अस्पताल जाने से बचकर स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं।

7. **इसके अलावा, एमएमटीसी ने दो और ऑक्सीजन सांद्रता खरीदने के आदेश दिए** हैं और इस सुविधा को बढ़ाने के लिए चार और ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदे हैं और ये ऑक्सीजन सांद्रता / ऑक्सीजन सिलेंडर कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रदान की जाती है। मौजूदा हालात से निपटने के लिए आवश्यकता पड़ने पर यह सुविधा हाउसिंग कॉलोनी में नहीं रह रहे कर्मचारियों को भी प्रदान की जा रही है। उपरोक्त के अलावा, एमएमटीसी प्रशासन प्रभाग हमारे पैनल में शामिल अस्पतालों के साथ लगातार संपर्क में है और विभिन्न अस्पतालों में प्रवेश के लिए कोविड 19 रोगियों की मदद करने के लिए कंपनी के वाहन और आवश्यक जनशक्ति प्रदान की है। साथ ही कर्मचारियों के निरंतर संपर्क में रहने के लिए और उन्हें आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के लिए कुशल ऑनलाइन फीडबैक सिस्टम विकसित की गई है। इसी तरह के निर्देश क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों को भी दिए गए हैं। सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों से ईमेल/गूगल फॉर्म के माध्यम से नियमित फीडबैक प्राप्त किया जाता है ताकि वायरस के संक्रमण के संबंध में उनकी वर्तमान स्थिति, आवश्यकता आदि की पूर्ण जानकारी हो, ताकि ऐसी किसी भी आपात स्थिति में कंपनी के द्वारा उनकी समस्या से निजात पाने में यथासंभव आवश्यक मदद प्रदान किया जा सके।

8. **महामारी से प्रभावित अधिकांश परिवार तनाव से ग्रस्त हो गए हैं।** इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को निजात दिलाने हेत, कंपनी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए 'ऑनलाइन ध्यान कार्यक्रम' का नियमित आयोजन कर रही है ताकि सकारात्मक माहौल में वर्तमान विकट स्थिति से कर्मचारी उबर सकें।

9. **अंत में, कंपनी द्वारा दिल्ली में एक टास्क फोर्स गठित किया गया है** जिसमें प्रत्येक सदस्य व्हाट्सएप के माध्यम से एक दूसरे के साथ जुड़ा हुआ है ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों के संपर्क में रहने के लिए जानकारी, दवाएं, डॉक्टर की सलाह और उनकी चिकित्सकीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। साथ ही प्रभावित कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को उचित उपचार प्रदान करवाने के लिए विभिन्न अस्पतालों के साथ संपर्क में रहता है। यह टास्क फोर्स कठिनाइयों को कम करने और प्रभावितों को

विकट स्थिति से निजात पाने में अपना सर्वोतम दे रहा है ताकि प्रभावित कर्मचारी और उनके परिवार असहाय महसूस न करें और इस गंभीर संकट से उबर सकें।

10. आर्थिक मोर्चे पर, एमएमटीसी कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधि से कोविड सहायता निधि बतौर प्रधानमंत्री केयर फंड में रूपए 53 लाख की राशि (01.04.2020 को) प्रदान की गई। आगे, कोविड सहायता निधि में एमएमटीसी के कर्मचारियों की ओर से उनके एक दिन का वेतन लगभग रूपए 23 लाख भी पीएम केयर्स फंड में प्रदान किया गया।